एक नजर में

## भाजपा जिला कार्यालय का भूमिपूजन



**इंदौर.** भाजपा के नए जिला कार्यालय निर्माण कार्य का आज ग्राम नावदा पंथ में भूमिपूजन किया गया. नया कार्यालय करीब 16 वर्गफीट जमीन पर निर्मित किया जाएगा. कार्यालय का निर्माण तल मंजिल सहित कुल तीन मंजिला बनाया जा रहा है. इसमें सभी मोर्चा और अतिथियों के रहने के साथ किचन की भी व्यवस्था होगी. भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन नवदा पंथ में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर, मधु वर्मा, जिला श्रवण चावड़ा, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा पार्टी विचारधारा आधारित संगठन है. भाजपा कार्यालय कार्यकर्ताओं के लिए मंदिर के समान हैं और इन्हीं कार्यालयों से संगठन की गतिविधियों को नई दिशा मिलती है .ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए यह कार्यालय संगठनात्मक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा. मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि यह कार्यालय सेवा, समर्पण, विश्वास और संगठन की शक्ति का प्रतीक होगा. मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कार्यालय निर्माण में प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी आवश्यक है. जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावला ने बताया कि 10 हजार वर्गफुट जमीन पर जी प्लस टू भवन का निर्माण किया जाएगा. वैसे कार्यालय के लिए 16 हजार वर्गफिट जमीन मिली है. ग्राउंड फ्लोर पर चार हजार फीट का हाल होगा. सभी मोर्चा संगठनों के अलग-अलग रूम होंगे. साथ ही दूसरी मंजिल पर अतिथियों के ठहरने, खाने के लिए दिन डाइनिंग हॉल और किचन का निर्माण किया जाएगा.

## सैकड़ों साधकों ने लिया पौधे रोपने का संकल्प



**इंदौर.** जगदगुरु शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ, पंचायती अखाडा श्री निरंजनी हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी जयगिरि महाराज के सानिध्य में नरसिंह वाटिका पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गुप्त काशी-केदारखंड के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में आयोजित सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में शामिल साधकों को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आचार्य प्रशांत ब्रह्मचारी ने पानी की बूंद-बूंद की रक्षा करने, वर्षा काल में अपने घर-आँगन, छत, बालकनी या परिसर में पौधे लगाने और ग्रीष्मकाल में जीवदया की भावना से मूक परिंदों के लिए दाना-पानी रखने की शपथ दिलाई. सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, श्रीमती आशा विजयवर्गीय, अहिल्यामाता गोशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी, सिद्ध चक्र उपासना मंडल की ओर से बिन्दां मिश्रा, विद्याधाम परिवार के राजेंद्र महाजन, निर्मला महाजन, निशा पसारी, वीणा सोमानी सहित अनेक वरिष्ठजन और श्रद्धालु मौजूद थे. संचालन दीपक शुक्ला ने किया. महोत्सव में 500 से अधिक साधक एवं इतने ही श्रद्धालु शामिल हुए जिन्हें ब्रह्मचारी प्रशांत की ओर से गंगा के उदगम स्थल गोमुख से अभिमंत्रित और बद्रीनाथ धाम से सिद्ध किए गए गोमती चक्र, केदारनाथ के चरणों से स्पर्श कराए गए.

## चतुर्थी व्रत का किया सामूहिक उद्यापन



**इंदौर.** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास की संकष्टी चतुर्थी व्रत करने वाली 61 माताओं के व्रत का सामूहिक उद्यापन विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम परिसर में आयोजित किया गया. न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा एवं मातृशक्ति प्रकोष्ठ की भारती शर्मा एवं पिंकी शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज की 61 महिलाओं द्वारा गणेशजी का पूजन कर विधि विधान के साथ चतुर्थी व्रत का उद्यापन किया गया. चन्द्रोदय के पश्चात चन्द्रमा को अर्घ्य देकर मध्य रात्रि तक 2 हजार से अधिक अतिथियों ने भारतीय पद्धति से बैठकर महाप्रसाद का पुण्य लाभ लिया और कार्यक्रम एवं व्यवस्थाओं की सराहना की. व्रतधारी महिलाओं को न्यास के प्रमुख पदाधिकारियों के आतिथ्य में उपहार भी भेंट किए गए. इस अवसर पर उद्यापन करने वाली मनोरथी 61 माताओं को उनके मेहमानों के लिए 13-13 उपहार और उद्यापन मनोरथी के लिये सुंदर रिटर्न गिफ्ट भी भेट किए गए।

## भारतीय सनातन संस्कृति विश्व की सबसे श्रेष्ठ



**इंदौर.** भारतीय सनातन संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ और उजली संस्कृति है, जहाँ जन्म से लेकर मृत्यु तक सौलह संस्कारों का संग हमारे साथ जुदा रहता है। विवाह भी उनमें से एक है. हम विवाह को सौदा या अनुबंध नहीं, संस्कार मानते हैं जबकि पश्चिम के देशों में विवाह अनुबंध के आधार पर होते हैं। हमारे यहाँ विवाह का बंधन सात जन्मों के लिए और पश्चिम में कोई गारंटी नहीं कि चल जाए तो सात माह, सात दिन या सात घंटे. रुक्मणी का विवाह उनके मंगल का प्रतीक है. ये विचार हैं प्रख्यात भागवतभूषण आचार्य पं .आदित्य मुखिया के, जो उन्होंने शुक्रवार को श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट द्वारा मालगंज चौराहा स्थित नवश्रृंगारित धर्मशाला भवन पर ट्रस्ट के हीरक जयंती महोत्सव एवं पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में रुक्मणी विवाह प्रसंग की व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पहले व्यास पीठ का पूजन पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नीमा, ट्रस्ट के मंत्री कमल नीमा, महेश नीमा गामा, सतीश नीमा, जौहरी अजय नीमा, शम्भू कुमार नीमा, अशोक नीमा आदि ने किया. विद्वान वक्ता की अगवानी राजेंद्र नीमा, अनिल एन नीमा, अजय नीमा अलंकार, अनिल के नीमा आदि ने की। संचालन जौहरी अजय नीमा ने किया. कथा में कृष्ण-रुक्मणी विवाह का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया. अध्यक्ष सत्यनारायण नीमा एवं संयोजक सतीश नीमा मालक ने बताया कि शनिवार 6 जून को सुदामा चरित्र प्रसंग के साथ पूर्णाहुति होगी.

## सामूहिक सत्यनारायण पूजन व दत्तयाग किया



**इंदौर.** आज लोकमाता महामंडळ की ओर से पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर सामुहिक सत्यनारायण भगवान का पूजन एवं दत्तयाग किया गया, जिस में दंपती, कल्याणी एवं युवतियों ने पूजन किया. पर्यावरण कल्याण एवं स्वास्थ के लिए दत्तयाग मे 500 आहुतियाँ दी गई. सुश्री विनिता धर्म, मिनू पोतनीस, मेघा देशमुख, मिनल बारगल, निलिमा पिंगळे, डॉ अनुजा उमरीकर ने विभिन्न समितियों के द्वारा कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्था की गयी. कार्यक्रम मे विशेष रूप से सांसद शंकर लालवानी उपस्थित हुए. कार्यक्रम में सरस्वती महिला शिक्षण सेवा संघ के कर्नल उमेश दाते प्राचार्या मधुलिका गर्ग, विजय पोतनीस, नकुल उपासनीय विशेष रूप से उपस्थित थे.

# सदर बाजार रोड पर लापरवाही, बीच सड़क खड़ा बिजली का खंभा

▶ यातायात व्यवस्था भी बदहाल



**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर का नगर निगम अक्सर विभिन्न व्यवस्थागत खामियों को लेकर सवालों के घेरे में रहता है. ताजा मामला सदर बाजार रोड का है, जहां सड़क निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन बीच सड़क पर खड़ा बिजली का खंभा अब भी नहीं हटाया गया है. यह स्थिति राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गई है.

हैरानी की बात यह है कि सड़क वाहनों के सुचारु आवागमन के लिए बनाई गई थी, लेकिन संबंधित विभागों की अनदेखी के कारण यह उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है. खंभे पर न तो कोई चेतावनी संकेतक लगाया गया है और न ही रेडियम पट्टी, जिससे रात के समय दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है.

वहीं दूसरी ओर सड़क पर बड़ी संख्या में रिक्शे और अन्य वाहन खड़े रहते हैं, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है. क्षेत्र से नगर निगम और यातायात विभाग के अधिकारी कई बार गुजरते हैं, लेकिन अब तक इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि बीच सड़क पर खड़ा खंभा और अव्यवस्थित पार्किंग किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है.

### हो सकती है गंभीर दुर्घटना

सवाल यह है कि संबंधित अधिकारी आखिर किस दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं. यदि समय रहते खंभा नहीं हटाया गया और सड़क पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग पर कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है. शहरवासियों ने नगर निगम और यातायात विभाग से मांग की है कि सदर बाजार रोड की इन समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.



# बंद बोरवेल बनेंगे रिचार्ज शाफ्ट

▶ इंदौर में जल गंगा संवर्धन अभियान

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. जल संरक्षण के तहत इंदौर नगर निगम ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक अभिनव पहल शुरू की है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव और आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर शहर के बंद पड़े शासकीय बोरवेलों को रिचार्ज शाफ्ट में बदला जा रहा है.**

इस तकनीक से वर्षा जल को फिल्टर कर सीधे भूजल स्तर तक पहुंचाया जाएगा, जिससे जल पुनर्भरण बढ़ेगा और जल संकट कम होगा. नगर निगम के अनुसार, नए रिचार्ज शाफ्ट की तुलना में यह तरीका अधिक किफायती है- लगभग 1.50 लाख की बजाय केवल 30 हजार रुपये में निर्माण संभव है.

यह प्रणाली आईआईटी इंदौर द्वारा प्रमाणित डिजाइन पर आधारित है. निगम ने शहर में ऐसे बोरवेलों का सर्वे शुरू कर दिया है और नागरिकों से रेनवाटर हार्वेस्टिंग अपनाने की अपील की है.

# सांवेर रोड पर कुत्ते का आतंक 40 से अधिक लोग घायल

▶ अरविंदो अस्पताल में 16 घायल पहुंचे, अन्य दूसरे अस्पतालों में भर्ती

**इंदौर.** सांवेर रोड इलाके में शुक्रवार को एक कुत्ते ने 40 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया. इनमें सबसे ज्यादा 16 से अधिक घायल अरविंदो अस्पताल पहुंचे, जबकि बाकी घायलों को आसपास के अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. पीड़ितों में डॉक्टर, नर्स, मेडिकल स्टूडेंट्स, मरीज, सिक्योरिटी गार्ड और राहगीर शामिल हैं.

कुत्ते के हमले की शुरुआत सुबह करीब 8 बजे अरविंदो अस्पताल परिसर से हुई. अस्पताल के मैनेजर डॉ. नीरज सेन के अनुसार कुत्ता पीछे के हिस्से से अस्पताल में घुसा और वहां मौजूद स्टाफ पर हमला कर दिया. अचानक हुए हमले से परिसर में अफरा-तफरी मच गई. इसके बाद कुत्ता अस्पताल से निकलकर सांवेर रोड क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में घूमता रहा और रास्ते में मिलने वाले लोगों को काटता गया. दिनभर में 40 से ज्यादा लोग इसकी चपेट में आ गए. शाम तक 16 से अधिक घायलों का इलाज अरविंदो अस्पताल में किया, जबकि अन्य घायल आसपास के अस्पतालों में पहुंचे.

इलाज कराने वालों में डॉ. स्मृति, डॉ. अक्षिता, सचिन राजपूत, अंजनी शर्मा, सीमा, शोभा, परिणीता, कुसुम, प्रणव गुप्ता, गोविंदा, विष्णु, अफसर, राजीव धाकड़ और आर्यन समेत अन्य लोग शामिल हैं. अस्पताल से निकलने के बाद कुत्ता एलएनसीटी कॉलेज, बरदरी गांव, रेवती रेंज और रेनेसां कॉलेज क्षेत्र तक पहुंच गया. इन इलाकों में भी कई लोगों पर हमला किया. घटना के बाद सांवेर रोड और आसपास के क्षेत्रों में लोगों में दहशत का माहौल बना रहा. सूचना पर नगर निगम और रेस्क्यू टीमों को देर रात तक कुत्ते को पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी.

# रेलवे की विकास परियोजनाओं और सिंहस्थ तैयारियों पर मंथन

▶ पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक की सांसदों के साथ हुई बैठक



**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल कार्यालय में शुक्रवार को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय और क्षेत्र के सांसदों के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई. बैठक में रेलवे की विभिन्न विकास परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने की.**

बैठक में महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने पश्चिम रेलवे और रतलाम मंडल में चल रहे विकास कार्यों, सुरक्षा उपायों तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार की जानकारी दी. वहीं मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों, अधोसंरचना विकास, सुरक्षा प्रबंधन और भविष्य की योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा रखा. चर्चा के दौरान सांसदों और उनके प्रतिनिधियों ने रेलवे द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे. बैठक में इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना, डॉ. अंबेडकर नगर-ओंकारेश्वर आमान परिवर्तन कार्य, इंदौर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास, रतलाम-इंदौर वाया फतेहाबाद तथा उज्जैन-फतेहाबाद रेलखंड के दोहरीकरण जैसे विषय प्रमुखता से उठे. इसके अलावा विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव, रेल सेवाओं के विस्तार तथा इंदौर और उज्जैन से नई ट्रेनों के संचालन की मांगों पर भी चर्चा हुई. बैठक का एक महत्वपूर्ण विषय वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाला सिंहस्थ महापर्व रहा. जनप्रतिनिधियों ने सिंहस्थ से जुड़ी रेलवे परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि आयोजन के दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें.

### समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी

महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने सांसदों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों तथा सुझावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि सभी प्रस्तावों और मांगों की नियमानुसार समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी भी दी जाएगी. बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के अलावा देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. रेलवे प्रशासन की ओर से पश्चिम रेलवे मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं रतलाम मंडल के विभिन्न विभागों के शाखाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए.

# जनसहभागिता से नदी बचाने का लिया संकल्प

▶ कान्ह-सरस्वती नदी पुनर्जीवन महाअभियान का शुभारंभ



**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृष्णपुरा छत्री घाट पर अभ्यास मंडल एवं कान्ह-सरस्वती नदी पुनर्जीवन अभियान समिति के तत्वावधान में कान्ह-सरस्वती नदी पुनर्जीवन महाअभियान का शुभारंभ उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ किया गया. कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं, महिला मंडलों, पर्यावरण कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए नदी संरक्षण का संकल्प लिया.

कार्यक्रम का शुभारंभ नदी पुनर्जीवन के संकल्प के साथ हुआ. इस अवसर पर रामेश्वर गुप्ता ने अभियान के प्रतिज्ञा-पत्र का वाचन करते हुए उपस्थित नागरिकों से नदी, जलस्रोतों एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. वहीं डॉ. ओ.पी. जोशी ने सभी उपस्थितजनों को पर्यावरण एवं नदी संरक्षण की शपथ दिलाई. आगामी समय मे आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. मालासिंह ठाकुर ने बताया कि यह अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की सहभागिता से नदी को पुनर्जीवित करने का दीर्घकालिक जनआंदोलन है. कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं संचालन डॉ. स्वप्निल व्यास ने किया. उन्होंने कहा कि किसी भी नदी का अस्तित्व केवल जलधारा तक सीमित नहीं होता, बल्कि उससे क्षेत्र की संस्कृति, जैव विविधता, अर्थव्यवस्था और भविष्य जुड़ा होता है. कान्ह-सरस्वती नदी का पुनर्जीवन आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार बनेगा. इस अवसर पर अशोक गोलाने, शरद कटारिया, मुकेश तिवारी, संजय त्रिपाठी,ओ पी श्रीवास्तव, मनीष भालेराव, आशा तिवारी, मनमोहन शर्मा, दिवाकर घायल, सुनील बेनवंशी, ग्रीष्म त्रिवेदी, अजेयसिंह सेंगर आदि उपस्थित थे.

### नदी संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व

अभियान को अपना वैचारिक समर्थन देते हुए गौतम कोठारी,, मुकेश चौहान, वैशाली खरे, शंकर गर्ग, दिलीप वघेला, श्यामसुंदर यादव, सुधीन्द्र मोहन शर्मा, अरविन्द तिवारी एवं मुकेश तिवारी,संदीप खनवीलकर ने अपने विचार व्यक्त किए. सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि नदी संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है. समाज की सक्रिय भागीदारी, जनजागरण और सतत प्रयासों से ही कान्ह-सरस्वती नदी को पुन: जीवन दिया जा सकता है. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर तथा हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर नदी पुनर्जीवन के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की. अंत में सभी उपस्थितजनों ने कान्ह-सरस्वती नदी को स्वच्छ, अविरल एवं जीवंत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया.



# इच्छाओं को कम कर प्रकृति का संरक्षण करें

**इंदौर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के द्वारा ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रकृति संरक्षण-जीवन संरक्षण विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य वन संरक्षक पद्म प्रिया ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए कहा कि सभी जीव प्राणियों में मनुष्य ही ऐसी प्रजाति है जो भविष्य की अति चिंता के कारण कई पीढ़ियों के लिए संग्रह करना चाहता है. उसकी अपनी इच्छाएं, लालच असीमित होने के कारण वह प्रकृति का दोहन करता जा रहा है. जिसका ही परिणाम जलवायु प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, प्राकृतिक आपदाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं. इन नुकसानों को हम वापस सही तो नहीं कर सकते पर कम से कम थोड़ा ठहरकर, अपनी जरूरत को समेटकर, 3आर प्रक्रिया को अपनाकर अपने वातावरण और साथ-साथ अपने भविष्य को बचा सकते हैं. इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने आज के दिन का महत्व बताते हुए कहा कि हम प्रकृति का संवर्धन, संरक्षण करने के लिए कुछ छोटे-छोटे कदम उठाएंय धमतरी से आई कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग की जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने भी संबोधित किया. सीईआरपीडी के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. अनिल भंडारी ने कहा कि आज पर्यावरण दिवस पर हम सभी यह संकल्प लें कि अपने शहर के लिए अच्छा सोचने के साथ-साथ उसे प्रैक्टिकल कर्म में भी लाएंगे. इंदौर कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सत्यनारायण जाट, डॉ. ए.एल. शर्मा ने भी संबोधित किया. संचालन डॉ. प्रज्ञा टावरी ने किया. मेडिकल विंग की जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी उषा बहन ने सभी का आभार माना.

एक नजर में ▶ विश्व पर्यावरण दिवस पर इंदौर में व्यापक पौधारोपण

# जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंदौर शहर में विभिन्न संस्थानों, शासकीय परिसरों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षण संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया.

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पौधारोपण कर कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, भारत सिंह, अंतर दयाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, तूफान सिंह, शिवपाल सिंह चावड़ा, सुभाष मुन्ना जैन, लोकेन्द्र सिंह एवं पार्षद योगेश गेंदर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे. संभागीय शासकीय आईटीआई परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, वरिष्ठ पार्षद राजेंद्र राठौर, नगर निगम सभापति मुन्नालाल यादव, पार्षद मनोज मिश्रा, पूर्व पार्षद राजकपूर सुनहरे तथा आईटीआई प्राचार्य गौरव आर्य ने पौधारोपण किया. इस अवसर पर मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन मानवता के लिए गंभीर चुनौती हैं तथा पर्यावरण संरक्षण अब केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुका है.

**संरक्षण का संकल्प लिया-** इसी क्रम में खंडवा रोड स्थित 500 सीटर पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में सहायक संचालक अनिल सोनी, माय भारत के डिप्टी डायरेक्टर पंकज गोस्वामी, निरीक्षक शैलेंद्र अत्रे, ब्लॉक समन्वयक लीना श्रीवास तथा प्रशिक्षणार्थी बालिकाओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. वहीं, नगर निगम इंदौर द्वारा नेहरू पार्क में विशेष पौधारोपण निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल एवं जनकार्य एवं उद्यान प्रभारी राजेंद्र राठौर ने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा वृक्षारोपण जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी माध्यम है. उन्होंने विद्यार्थियों और नागरिकों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं संवर्धन का भी संकल्प लेने का आह्वान किया. राजेंद्र राठौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए लगातार पौधारोपण अभियान चलाए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि गत वर्ष 5 जून को नेहरू पार्क से शुरू हुए शहरव्यापी अभियान के अंतर्गत हजारों पौधे लगाए गए थे. इस वर्ष भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र विस्तार के उद्देश्य से अभियान का शुभारंभ किया गया.

### आम, जामुन, गूलर के पौधे रोपे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर संचालित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी, इको क्लब प्रभारी डॉ. पूजा जैन सहित शिक्षकों एवं छात्राओं ने आम, जामुन, गूलर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे.